ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख रासी : सदानंद सरस्वती

रुद्र महायज्ञ में शिवराजपुर पहुंचे द्वारिका पीठ के शंकराचार्य

नवभारत न्यूज

नागौद 13 फरवरी। जिले के शिवराजपुर में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ में पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाभाग ने अपने आशीर्वचन में ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख रासी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ईश्वरीय शक्ति एक है जो बार बार अवतार लेती है और अलग-अलग नामों प्रचलित है ।

शंकराचार्य सदानंद सरस्वती महाराज ने बच्चों को बचपन से संस्कारवान बनाने धर्म के प्रति दृढ़ संकल्पित रहने को कहा ,महाराज श्री ने बताया शिवराजपुर में जो यज्ञ होता है वह सनातन धर्म का अद्वितीय आयोजन है निरंतर होता है 12 ज्योतिर्लिंगों का अभिषेक, चार वेद ,छह शास्त्र, 18 पुराण , महामृत्युंजय महा रुद्राभिषेक का आयोजन हजारों ब्राह्मणों के उपस्थिति में होता है। यजमान पं रुद्र प्रताप त्रिपाठी, पं चंद्रशेखर त्रिपाठी ,गोविंदा गर्ग ने समस्त क्षेत्र वासियों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर

कथामृत पान करने का आग्रह किया है। कथा व्यास आचार्य निर्मल महाराज ने बताया श्रीकृष्ण का नामकरण संस्कार माखन चोरी- श्रीकृष्ण अपनी बाल्यावस्था में माखन चुराने के लिए प्रसिद्ध थे। यह लीला उनकी शरारती प्रकृति और उनकी माँ यशोदा के प्रति उनके प्रेम को दर्शाती है।

कालीय मर्दन- श्रीकृष्ण ने यमुना नदी में रहने वाले कालीय नाग को पराजित किया

चीर हरण- श्रीकृष्ण ने गोपियों के वस्त्रों को छुपाकर उनकी परीक्षा ली गोवर्धन पूजा- श्रीकृष्ण ने इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को उठाकर ब्रजवासियों की बात वर्ष के कन्हैया साथ दिनों तक रक्षा की थी। यह लीला उनकी शक्ति और उनकी भक्तों के प्रति उनके प्रेम को दर्शाती है।आज की कथा में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक ,भरत पाठक, सांसद गणेश सिंह, विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा ,विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी ,पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी ,व्हीडी पाण्डेय, राममन त्रिपाठी ,निरंकार उपाध्याय ,राजाराम त्रिपाठी, दिलीप मिश्रा, वीरेंद्र सिंह ,जय प्रकाश शर्मा, उर्मिला त्रिपाठी ,अवनीश शर्मा ,जगन द्विवेदी ,बृजेश द्विवेदी, पवन त्रिपाठी, मुकेश पाण्डेय, नीरज सिंह ,सुरेश सिंह, दीपक शर्मा, ऋषिकेश त्रिपाठी, मुकेश मिश्रा ,मोहित त्रिपाठी उपस्थित रहे,संचालन आशीष बाजपेयी ने किया।

चित्रकूट में 15 को होगा 53 वें राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव का आगाज

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 13 फरवरी। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में 15 फरवरी से शुरू होने जा रहे पांच दिवसीय 53 वें राष्ट्रीय रामायण मेले को भव्य और दिव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन और आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने तैयारियां पूरी कर ली है। कार्यक्रम में देश भर से राम चरित मानस के मर्मज्ञ विद्वान और सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देकर आयोजन को यादगार बनाएंगे।

चित्रकूट के जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय रामायण मेला चित्रकूट का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। उत्तर प्रदेश सरकार ने रामायण मेले को प्रांतीय कृत मेला घोषित किया है। मेले को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। वही राष्ट्रीय रामायण मेला समिति के महामंत्री डॉ करुणा शंकर द्विवेदी ने बताया कि चित्रकूट में 15 फरवरी को 53 वें पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेले की शुरुवात होगी। इस इतिहास मेले की परिकल्पना समाजवादी चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया ने की थी। उन्होंने बताया कि 1973 में शुरू हुए इस राष्ट्रीय रामायण मेले में अब तक देश के पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई और अटल बिहारी बाजपेयी समेत दर्जनों केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल शिरकत कर आयोजन की शोभा बढ़ा चुके है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय रामायण मेले में देश भर से आने वाले विद्वान और कलाकार अपनी कला का जलवा बिखर कर समारोह को ऐतिहासिक और यादगार बनाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या धाम के जगदगुरू राघवाचार्य जी महाराज द्वारा किया जाएगा।

प्रथम पुण्यतिथि पर दयानंद कुशवाहा को विधायक ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 13 फरवरी। सतना स्थित टाउन हाल में वरिष्ठ भाजपा नेता , पूर्व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राज्यमंत्री स्वर्गीय दयानंद कुशवाहा की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का शुभारंभ रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह ने किया।

श्री सिंह ने नेता जी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया। इस दौरान उनके पिता शिवाधर कुशवाहा, उनकी माता श्रीमती शिवरानी कुशवाहा एवं उनकी धर्म

पत्नी श्रीमती रामसखी कुशवाहा ,भाई के के कुशवाहा, बृजेन्द्र कुशवाहा ,राजेंद्र कुशवाहा के अलावा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा, पूर्व विधायक रामलखन सिंह पटेल, रामपुर बाघेलान, जनपद अध्यक्ष राबेन्द्र सिंह छोटू ,अमरपाटन जनपद उपाध्यक्ष मनोज पटेल ,विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी ,भाजपा मण्डल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट पुष्पराज कुशवाहा, जिला पंचायत महिला बाल विकास की सभापति तारा विजय पटेल, शिवमोहन सिंह ,कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी, सज्जन सिंह तिवारी ,रोहितकांत सिंह ,शिवशंकर गौटिया, संतोष कुशवाहा ,निखिल सिंह तिवारी, रामपाल सिंह परिहार, शिवाकान्त कुशवाहा, रामजी कुशवाहा, बंशरूप कुशवाहा ,कुन्जबिहारी कुशवाहा, संजय सगौनी ,दिनेश दाहिया, अभिमन्यु सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगे ने श्रध्दान्जली अर्पित की।

श्री राम कथा में राम - जानकी विवाह उत्सव मनाया गया

नवभारत न्यूज

कोठी 13 फरवरी। गोरइया के सती माता मंदिर प्रांगण में कथा व्यास श्री निशि दीदी के मुखारविंद से चल रही संगीतमय श्री राम कथा में आज शुक्रवार को श्री राम जानकी विवाह का उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इसके पूर्व कथा में श्री राम लक्ष्मण के जनकपुर पहुंचने का भावपूर्ण प्रसंग बताया और धनुष यज्ञ की कथा का विस्तार से वर्णन किया जिसको सुनकर देखकर उपस्थित जन समुदाय परम आनंदित उठा। इस दौरान भारी संख्या में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग राजनीतिक सामाजिक सभी लोग मौजूद रहे ,यह कथा 15 फरवरी तक चलेगी 16 फरवरी को कथा प्रांगण स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा एवं समिति ने समस्त भागवत प्रेमी जनों एवं क्षेत्र वासियों से कथा श्रवण कर भंडारा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

मझगवां-पहाड़ी खेड़ा सड़क निर्माण में हो रहा गुणवत्ता विहीन कार्य

मिट्टी बेंचने पर राजस्व को लग रहा चूना, समाजसेवी ने दी आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

मझगवां 13 फरवरी। मझगवां-पहाड़ी खेड़ा रोड पर कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी द्वारा किए जा रहे गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर समाजसेवी राजबहादुर गौतम ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया है।

उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क निर्माण कंपनी द्वारा लगातार राजस्व की चोरी की जा रही है और कंपनी के लोग अवैध रूप से मिट्टी बेचने का काम कर रहे हैं। बार-बार मीडिया और स्थानीय लोगों की शिकायतों के बावजूद विभाग द्वारा कोई निराकरण नहीं किया जा रहा है, जिससे मझगवां के नगर वासी

धूल फांकने को मजबूर हैं। सड़क पर पानी का छिड़काव न होने से जनजीवन बेहाल है और निर्माण के नाम पर बनाई गई पुलियों में भी तराई नहीं की जा रही है। पिछले 6 महीनों से सड़क को जाम कर मार्ग डायवर्ट किया गया है, जिसके कारण आम जनता को 5 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। राजबहादुर गौतम ने कहा कि शासन-प्रशासन को जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है और ठेकेदार को अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी करते हुए सूखी मिट्टी पर बेलन चलाया जा रहा है। समाजसेवी ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और कलेक्टर महोदय को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिन के अंदर इस रोड को चालू नहीं किया गया, तो ग्रामवासी स्वयं खुदी हुई पुलियों में मिट्टी डालकर रास्ता बहाल करेंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अब यह नाटक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनता के हक के लिए उग्र आंदोलन जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे।

हिंदुत्व के मूल्यों से समाज को सशक्त बनाएं : दीपक शुक्ला

सिंहपुर के हिंदू सम्मेलन किन्नर महामंडलेश्वर रहीं आकर्षक का केंद्र

नवभारत न्यूज

सतना 13 फरवरी । हिंदू सम्मेलन सतना जिला नागौद खंड सिंहपुर मंडल में मुख्य अतिथि दिवाकर दास जी महाराज शिवराजपुर एवं किन्नर अखाड़ा महामंडलेश्वर एवं भारत की द्वितीय किन्नर कथा वाचक परम पूज्य हेमलता शरण सखी जी का आशीर्वचन प्राप्त हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में सह विभाग कार्यवाह दीपक शुक्ला ने हिंदुत्व के मूल्यों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए संगठन, सेवा और संस्कार पर बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, युवाओं एवं मातृशक्ति

की उपस्थिति रही। वक्ता ने कहा कि हिंदुत्व किसी एक पंथ या वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की व्यापक पद्धति है, जो वसुधैव कुटुंबक के भाव को आत्मसात करती है। उन्होंने समाज से जाति, भाषा और क्षेत्र के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि गीता, रामायण और उपनिषद जैसे ग्रंथ हमें सत्य, सेवा, त्याग और कर्तव्य का मार्ग दिखाते हैं। नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने का संकल्प दोहराया गया। युवा वर्ग से राष्ट्र प्रथम की भावना अपनाने और सांस्कृतिक गौरव को आगे बढ़ाने की अपील की गई कि संगठित और संस्कारवान समाज ही सशक्त भारत का आधार बन सकता है। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती और भारत माता के जयघोष के साथ प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

धूमधाम से निकाली जाएगी भोलेनाथ की बरात

रामनगर। महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी रविवार को रामनगर में परम्परागत रूप धूमधाम से भगवान भोलेनाथ की बरात निकाली जाएगी।कार्यक्रम के अनुसार श्री राम - जानकी मंदिर सतना कैंप रामनगर में पहले श्री गणेश पूजन और गौमाता पूजन होगा। तदूउपरान्त गाजे बाजे के साथ धूमधाम से बारात निकल कर छोटी अयोध्या श्री राजाधिराज बड़ा पंचमुखी हनुमान मंदिर देवराज नगर पहुंचेगी। यहां पर श्री पार्वती - शिव विवाह उत्सव होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम,प्रतिभाओं का सम्मान एवं भंडारा एवं महाप्रसाद आयोजित होगा ?। सभी भक्तों से शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है ?

महाशिवरात्रि पर होगी श्री हरि लक्ष्मी नारायण की मूर्तियों की प्राण- प्रतिष्ठा

नवभारत न्यूज

उचेहरा 13 फरवरी । जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पिथौराबाद में शिवशक्ति आश्रम क्षीर सागर केंद्र पब्लिक गौशाला मंदिर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है ।

यह धार्मिक आयोजन उचेहरा - नागौद मार्ग से लगभग 2 किलोमीटर अंदर स्थित आश्रम परिसर में संपन्न होगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है, गौशाला के प्रधान संत रामनरेश जी के सहयोग और मार्गदर्शन में मानव एवं पशु कल्याण के उद्देश्य से पूर्व में भारद्वाज मुनि, गौरी शंकर, हनुमान जी ,गणेश जी, कार्तिकेय जी ,मां सरस्वती ,लक्ष्मी जी एवं कुबेर जी की प्रतिमाएं स्थापित की जा चुकी है ,अब महाशिवरात्रि के दिन श्री हरि लक्ष्मी नारायण, महाकाली, राधा कृष्ण ,ऋषि वाल्मीकि ,श्री सीताराम, लक्ष्मण, लवकुश ,पंचमुखी भगवान शंकर, योगेश्वर ऋषि कश्यप ,सत्य

माता , माता पार्वती, अर्धनारेश्वर ,भवानी दुर्गा एवं कालिका माता सहित अन्य प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड कीर्तन में सहभागिता का आग्रह किया है ,साथ ही 16 फरवरी को विशाल भंडारा होगा ,इस मौके पर राजकुमार सिंह दद्दू ,रामबली कुशवाहा, सत्यम कुशवाहा, कमलेश ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

धूमधाम से निकलेगी मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की बारात

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 13फरवरी। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर चित्रकूट के राजा मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की भव्य बारात परंपरागत तरीके से धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। जबलपुर से आए बैंड और शहनाई दल के साथ प्रयागराज की आकर्षक झांकियां इस बारात की शोभा बढ़ाएंगी। दूल्हा सरकार सुसज्जित रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे।

रामघाट स्थित राजाधिराज मत्तगजेन्द्र नाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया जाएगा। दोपहर से विशाल फलाहारी भंडारे का आयोजन होगा तथा शाम चार बजे रामघाट से मत्तगजेन्द्र नाथ सरकार की बारात नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी। बताया कि बारात में अखाड़ों के निशान, संत-महंत, प्रयागराज की झांकियां, जबलपुर का बैंड, हाथी-घोड़े तथा रथ पर विराजमान दूल्हा सरकार मुख्य आकर्षण रहेंगे। शोभायात्रा रामघाट से जयपुरिया तिराहा होते हुए पुराना सीतापुर बस स्टॉप, चौगलिया मार्ग से पुन: रामघाट पहुंचेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से भोलेनाथ के बाराती बनकर आयोजन में सहभागी होने का आह्वान किया है।मंदिर के प्रधान पुजारी विपिन बिहारी महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर चार प्रहर की महाआरती संपन्न होगी। पहली महाआरती रात्रि 8:30 बजे, दूसरी रात्रि 11:30 बजे, तीसरी प्रात: 2:00 बजे और प्रात: 4:00 बजे मंगला आरती होगी। जबलपुर की शहनाई पूरी रात मंदिर परिसर में गूंजती रहेगी। साथ ही भजन-कीर्तन, अनुष्ठान और रतजगा का क्रम पूरी रात चलता रहेगा। मंदिर प्रशासन द्वारा आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं।

अवैध खनन के खिलाफ ग्रामीण कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

कोटर। जिले के रामस्थान गांव में श्रवण कुमार पाठक की खदान है खदान के पास नर्सरी बनी हुई है नर्सरी के पास ही अवैध उत्खनन चल रहा है । सूत्रों का कहना है कि यह अवैध खनन रातों दिन बराबर चलता है और कम से कम 50 ट्रैक्टर और ट्रक लगे हुए है जो निरंतर चलते रहते है । इस मामले की जानकारी कई बार ग्रामीणों ने खनिज अधिकारी और इंस्पेक्टर को फोन के माध्यम से दी गई है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है ऐसा लगता है कि खनिज विभाग के सह पर ये अवैध खनन हो रहा है और नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

एक नजर में

रजवार में भागवत कथा विश्राम पर हुआ मंथन और भंडारा

कोटर। क्षेत्र के रजवार स्थित भगवती वेयर हाउस में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का धार्मिक आयोजन विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया। कथा समापन के अवसर पर संगीत कार्यक्रम के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र भर से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। संगीत कार्यक्रम का संचालन राजकुमार शास्त्री द्वारा किया गया। भक्ति गीतों और भजनों की मधुर प्रस्तुति से पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कथा का श्रवण किया तथा भजनों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन नवनीत मिश्रा द्वारा व्यवस्था सुचारू रूप से की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

एसडीएम ने की नगर के विकास योजनाओं की समीक्षा

नागौद। नगर परिषद नागौद के सभा कक्ष में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनिकेत शांडिल्य (आईएएस) द्वारा नगर परिषद नागौद में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं - परियोजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सीएम इंफ्रास्ट्रक्चर, एसबीएम, ई-नगरपालिका, राजस्व वसूली, अतिक्रमण, शहर में यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शहरी सुधार कार्यक्रम सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही शहर में नवीन बस स्टैंड निर्माण, हॉकर्स कॉर्नर निर्माण, नवीन कार्यालय भवन निर्माण, अमृत हरित अभियान आदि विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह, लेखापाल अजय वर्मा, निर्माण प्रभारी प्रथु त्रिपाठी, राजस्व प्रभारी आनंद मिश्रा, सामुदायिक संगठक वंशरूप वर्मा, स्टोर प्रभारी शत्रुघ्न सिंह, गिरी गौरव सिंह एवं शुभम सिंह उपस्थित रहे।

नागौद सब जेल में साक्षरता शिविर आयोजित

नागौद। आज सब जेल नागौद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना द्वारा विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पार्थ शंकर मिश्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना एवं मोहम्मद जिलानी जिला सहायता अधिकारी सतना उपस्थित हुए । पार्थ शंकर मिश्र द्वारा बंदियों को जमानत संबंधी जानकारी प्रदाय की गई तथा अन्य समस्याएं पूंछी गई कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। मोहम्मद जिलानी जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं मुख्तार अहमद सिद्दीकी अधिवक्ता द्वारा भी उपयोगी ज्ञान वर्धक वक्तव्य दिये गये। अंत में कमलेश राय सहायक जेल अधीक्षक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। स्टाफ में ददन प्रसाद कोल ,राजनारायन शुक्ला, देवेन्द्र सिंह, जीतेन्द्र द्विवेदी, मयंक बड़ेवा ,राहुल रमन नायक आदि उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत पवैया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

नवभारत न्यूज

कोठी 13 फरवरी। ग्राम पंचायत पवैया में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा शिवनाथ गौतम के आयोजकत्व कथा व्यास पं. राघवेंद्र त्रिपाठी के मुखारविंद से चल रही है।

आज कथा में राघवेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि कलयुग में मनुष्य को भगवत नाम का जाप ही इस भव से पार लगा सकता है उन्होंने कहा कि कलयुग केवल नाम अधारा सुमरि सुमरि भव उतरही पारा परम प्रभु का नाम ही एकमात्र लोगों को इस भव से मुक्ति

देने का मात्र साधन है लोग इसको जब जीवन का अधिकांश समय निकल जाता है तब समझ पाते हैं जबकि यह तो बाल्य काल से ही सदैव लोगों को अर्चना होती थी आज का परिवेश इस प्रकार से बदल रहा है जो समाज में कई प्रकार की विकृतियां पैदा करता है उनसे दूर रहने पर ही आज के मानव का कल्याण है उन्होंने कथा का बड़ा ही मार्मिक प्रसंग बताया लोगों ने बड़े भक्ति भाव पूर्ण होकर भागवत कथा का श्रवण किया कथा उपरांत भागवत भगवान की आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया आज कथा श्रवण करने के लिए अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन की कार्यकारिणी कथा स्थल पर पहुंची और कथा का श्रवण किया।

पीएम श्री हाई स्कूल पाला में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

अमदरा 13 फरवरी। पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पाला में वार्षिकोत्सव एवं कक्षा दसवीं के बच्चों का विदाई समारोह कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया ।

पीएम श्री योजना अंतर्गत निर्देशों के अनुरूप सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों का समावेश करते हुए गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पाला की सरपंच श्रीमती उर्मिला सिंह उप

सरपंच सुल्तान बेग, सेवानिवृत्त शिक्षक नरेंश कुमार पांडेय, देवेंद्र कु.द्विवेदी, विनोद कुमार पांडेय एवं स्थानीय अमोल शिक्षक धर्मेंद्र जी आदि की उपस्थित रहे । इस अवसर पर सभी ने कक्षा दसवीं के बच्चों को परीक्षा हेतु मार्गदर्शन एवं टिप्स दीजिए । कार्यक्रम का का सफल संचालन रोहिणी पांडेय ने किया । उल्लेखनीय है कि केंद्र प्रवर्तित योजना पीएम श्री अंतर्गत विद्यालय में गतिविधि सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें ज़रूरू एग्जिबिशन तथा खेलकूद महोत्सव शामिल करते हुए अंत में वार्षिकोत्सव के साथ सभी गतिविधियों का समापन हुआ ।अंत में प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने सभी बच्चों एवं सभी सहयोगी शिक्षकों को सफल कार्यक्रम हेतु बधाइयां दी । कार्यक्रम में स्टाफ के सभी सदस्य राजकुमारी सिंह नीतू सिंह चित्रांश श्रीवास्तव अतुल पांडे अंकित यादव रंगनाथ कुशवाहा मयंक पयासी डालचंद अहिरवार राघवेंद्र सोनी कुसुम कली तीरथ एवं सत्यवती अंकित चौबे सभी मौजूद रहे ।

365 परीक्षार्थियों में एक रहा अनुपस्थित

माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में माँ दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, घुनवारा परीक्षा केंद्र पर कुल 365 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कलेक्टर प्रतिनिधि जगत नारायण मिश्रा द्वारा किया गया। परीक्षा केंद्राध्यक्ष रामनिवास कुशवाहा तथा सहायक केंद्राध्यक्ष राम कौशल दास की उपस्थिति में परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई।विद्यालय के संचालक संजय शुक्ला ने परीक्षा कार्य में लगे समस्त अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। आज परीक्षा केंद्र पर अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र एवं उर्दू विषयों की परीक्षाएँ आयोजित की गई हैं।